web: www.nyaysakshi.com
पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल
पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 19 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 143

# 18 लाख 82 हजार 229 दीयों से जगमग हुई बाबा महाकाल की नगरी

**उज्जैन (आरएनएस)।** बीते वर्ष दीपावली पर अयोध्या में 15 लाख 76 हजार दीये एक साथ जलाए जाने का विश्व रिकार्ड महाशिवरात्रि पर ज्योतिर्लिंग महाकाल की नगरी अवंतिका यानी उज्जैन में टूट गया। पवित्र मोक्षदायिनी शिप्रा नदी का तट पर जब 18 लाख 82 हज़ार 229 दीयों की रोशनी से जगमगाया तो लोग इस भव्य, अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय कल्पनातीत सौंदर्य को पलक झपकाए बगैर निहारते ही रह गए।

गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम ने ड्रोन से दीयों की गिनती के बाद 18 लाख 82 हज़ार 229 दीयों के एक साथ प्रज्वलित किए जाने का विश्व रिकार्ड बनने की घोषणा की। इस दौरान संपूर्ण रामघाट, दत्त अखाड़ा घाट, सुनहरी घाट, भूखी माता घाट, केदारेश्वर घाट 'जय श्री महाकाल' के उद्घोष से गूंज उठा। इस बीच आतिशबाजी, लेजर शो भी हुआ। विश्व कीर्तिमान संबंधी प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिया गया।



'शिव ज्योति अर्पणम्' नाम से हुए इस भव्य दीपोत्सव में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की झलक दिखाई दी। आस्था, आह्लाद और आत्मीयता से भरे इस सुखद पल के साक्षी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित एक लाख से अधिक लोग बने। सीएम ने पत्नी साधना सिंह के साथ दीये प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वे नौका विहार कर लोगों के पास भी गए। सभी ने एक-दूसरे को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दीं। विश्वभर के लोगों को धार्मिक पर्यटन स्थल 'उज्जैन' आने का निमंत्रण दिया।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महाकाल की नगरी में आज सब कुछ आलोकित है। आज से विक्रमोत्सव का भी शुभारंभ हो गया है। यह वर्ष प्रतिपदा तक चलेगा। महाकाल महाराज की कृपा बरस रही है। जनभागीदारी का ऐसा उदाहरण मुश्किल है। सभी का स्वागत होना चाहिए। शिप्रा मैया के तट पर खड़े रहकर कह रहा हूं, शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। हमें मप्र और उज्जैन को नंबर एक बनाना है।

उन्होंने कहा कि उज्जैन वासियों का आज अभिनदंन करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है, आगे बढ़ रहा है। लेकिन मध्य प्रदेश भी किसी से कम नहीं है। महाकाल महाराज की कृपा मध्य प्रदेश पर बरस रही है। स्वच्छता में भी उज्जैन नंबर वन बने यह जनभागीदारी बनी रहे। आइए हम सब साथ चलें, उज्जैन को आगे ले जाएं और मध्य प्रदेश को आगे ले जाएं। अपने बच्चों का भविष्य और बेहतर बनाएं। उज्जैन में महाकाल लोक की वजह से देश में हमारा नाम हुआ है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपपत्र दायर करने के करीब तीन महीने बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सिसोदिया को रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, आरोपपत्र में उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है। गिरफ्तार व्यवसायी विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली आरोपपत्र में दर्ज 7 आरोपियों में शामिल हैं। आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस प्रदान करने की दिल्ली सरकार की नीति से कुछ डीलरों को लाभ मिला, जिन्होंने इसके लिए कथित रूप से रिश्वत दी थी। इस आरोप का आम आदमी पार्टी (आप) ने जोरदार खंडन किया। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, यह भी आरोप लगाया गया है कि आबकारी नीति में संशोधन, लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ देना, लाइसेंस शुल्क में छूट/कमी, अनुमोदन के बिना एल-1 लाइसेंस का विस्तार आदि सहित अनियमितताएं की गईं। प्रवक्ता ने कहा, 'यह भी आरोप लगाया गया है कि इन कृत्यों से मिले अवैध लाभ को निजी पक्षों ने अपने बहीखातों में गलत प्रविष्टियां दर्ज करके संबंधित लोक सेवकों को पहुंचाया था।

### गोलीबारी से दहला अमेरिका, मिसिसिपी शहर में ताबड़तोड़ फायरिंग से 6 लोगों की मौत

**मिसिसिपी।** अमेरिका एक बार फिर गोलीबारी से दहल उठा। मिसिसिपी में मास शूटिंग की घटना सामने आई है। ग्रामीण अर्कांबुतला काउंटी में बीते दिन एक शख्स ने ताबड़तोड़ फायरिंग की है। इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई है। फिलहाल फायरिंग करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने कहा कि उन्हें गोलीबारी के बारे में जानकारी दी गई। इस मामले में एक शख्स को हिरासत में ले लिया गया है।

### खुफिया जानकारी आईएसआई एजेंट को देने वाले सैनिक का होगा कोर्ट मार्शल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तानी दूतावास में तैनात आईएसआई एजेंट को उत्तरी सीमाओं पर सैन्य गतिविधियों के बारे में गुप्त सूचना देने के कथित आरोपी भारतीय सैनिक का कोर्ट मार्शल होने वाला है। आरोपी सिग्नलमैन का नाम अलीम खान है। वह फील्ड एरिया में चीन के साथ सीमा के करीब एक फॉर्मेशन में तैनात था और कथित तौर पर नई दिल्ली दूतावास में तैनात पाकिस्तानी जासूस को गुप्त सूचना की आपूर्ति करते हुए पकड़ा गया था। उक्त जानकारी रक्षा सूत्रों ने एक समाचार एजेंसी को दी। सैनिक के खिलाफ समरी कोर्ट-मार्शल कार्यवाही अगले कुछ दिनों में शुरू होगी। सैनिक को सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी जासूस आबिद हुसैन उर्फ नाइक आबिद को गुप्त जानकारी साझा कर रहा था। इसी दौरान वह धरा गया. उसने भारतीय सेना में काम करने वाले सैनिक को 15 हजार रुपए भी दिए थे। सूत्रों के हवाले से कहा कि सेना के जवानों की यह गतिविधियां ऐसे महत्वपूर्ण समय में हुईं जब उत्तरी सीमा पर चीन आक्रामक होने की कोशिश कर रहा था और यहां तक कि थोड़ी सी जानकारी भी, विरोधियों के लिए मददगार हो सकते हैं।

## एनआईए ने जब्त की आतंकियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही तीन कारें

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पूर्व डिप्टी एसपी देवेंद्र सिंह से हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के एक मामले में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही तीन कारों को जब्त कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब्ती 15 फरवरी को की गई थी। एनआईए ने कहा, हमने तीन कार्ड, हुंडई आई20, मारुति 800 और हुंडई आई20 स्पोर्ट्ज जब्त की हैं। इन वाहनों का इस्तेमाल कश्मीर वैली में आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए आरोपियों द्वारा किया गया था। वाहनों को यूए (पी), अधिनियम की धारा 25 (1) के तहत जब्त किया गया था।

यह मामला हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम) के दो सक्रिय आतंकवादियों सहित चार आरोपियों की गिरफ्तारी से संबंधित है, जो एक हुंडई आई20 कार में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए केंद्र शासित प्रदेश से बाहर जा रहे थे। सूचना के आधार पर इस कार को 11 जनवरी, 2020 को श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर अल-स्टॉप नाका पर रोका गया था। तलाशी के दौरान, एक एके-47 राइफल, तीन पिस्तौल, एक हथगोला, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और जब्त की गई। मामला शुरू में कुलगाम के काजीगुंड पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था और बाद में मामले की जांच एनआईए ने अपने हाथ में ले ली थी। एनआईए अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि आरोपी इरफान शफी मीर के स्वामित्व वाली और इस्तेमाल की गई हुंडई आई20, मुश्ताक अहमद शाह के नाम पर रजिस्टर्ड मारुति 800 और उनके बेटे आरोपी सैयद नवीद मुश्ताक अहमद शाह द्वारा इस्तेमाल की गई और हुंडई आई20 स्पोर्ट्ज तनवीर अहमद वानी द्वारा रजिस्टर्ड और इस्तेमाल किए गए इन दस्तावेजों का इस्तेमाल कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों के लिए किया गया था।

## मातम में बदली शादी की खुशियां, ट्राली से टकराकर नहर में गिरी बोलेरो, दूल्हे समेत 5 लोगों की मौत



**हरदोई (आरएनएस)।** यूपी के हरदोई के पचदेवरा थाना क्षेत्र के दरियाबाद गांव के पास भीषण सडक़ हादसे की खबर सामने आई है। जहां एक तेज रफ्तार बोलेरो और अनंगपुर की ओर से आ रही गन्ने से भरी ट्राली में टक्कर हो गई। इस भिड़ंत से बोलेरो के अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूल्हे समेत 3 अन्य ने अस्पताल में मृत घोषित किए गए। ये भयानक सडक़ हादसा तब घटा, जब हरपालपुर थाना क्षेत्र के कूड़ा गांव से बारात शाहजहांपुर जनपद के थाना कांट के अभयन पूरवा गांव जा रही थी। तब बीती रात दूल्हे की गाड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई।

इससे अनियंत्रित होकर बोलेरो बरवन रजवाहे में जा गिरी। बोलेरो के अंदर दूल्हे सहित 8 बाराती मौजूद थे जिनमें दूल्हे के भांजे 12 वर्षीय रुद्र व दूल्हा देवेश के बहनोई बिपनेश (45) निवासी जलालपुर पनबारा जनपद कन्नौज की मौके पर मौत हो गई, जबकि बोलेरों में सवार दूल्हा समेत छह लोग घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही सीओ शाहाबाद हेमंत उपाध्याय व पचदेवरा थानाध्यक्ष गंगाप्रसाद यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लिया है वहीं घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते पहुंचे कूनो नेशनल पार्क

**अफ्रीका में भारत को प्रत्येक चीते को पकड़ने करना पड़ता है 3000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान**



**ग्वालियर (आरएनएस)।** दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को लेकर भारतीय वायुसेना का परिवहन विमान शनिवार सुबह मध्य प्रदेश के ग्वालियर पहुंचा। यहां से उन्हें हेलीकॉप्टर से श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) ले जाकर अलग-अलग बाड़ों में छोड़ा गया। वायुसेना का विमान चीतों को लेकर सुबह करीब 10 बजे ग्वालियर हवाई अड्डे पर उतरा। 12 चीतों का यह दूसरा जत्था केएनपी ले जाया गया। इनमें 7 नर और 5 मादा चीते शामिल हैं। इससे पहले पिछले साल सितंबर महीने में केएनपी में नामीबिया से लाए गए आठ चीतों के पहले जत्थे को बाड़ों में छोड़ा था। ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित सांघी ने बताया, ''दक्षिण अफ्रीका से चीतों को लेकर एक विमान सुबह करीब 10 बजे ग्वालियर हवाई अड्डे पर उतरा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ग्वालियर में मंजूरी प्रक्रिया के बाद इन चीतों को भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से केएनपी भेजा गया। परियोजना से जुड़े एक विशेषज्ञ ने बताया कि इन चीतों ने परिवहन विमान से दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग स्थित ओआर टांबो अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से हजारों मील दूर भारत में अपने नए घर के लिए यात्रा शुक्रवार शाम को शुरू की थी। केएनपी के निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा कि उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी चीतों के लिए 10 बाड़े स्थापित किए हैं। इनमें से दो बाड़ों में दो जोड़ी चीता भाइयों को रखा गया। भारत को प्रत्येक चीता को स्थानांतरित करने से पहले वहां पकडऩे के लिए 3000 अमेरीकी डॉलर का भुगतान करना पड़ता है। भारत ने पिछले साल अगस्त में इन दक्षिण अफ्रीकी चीतों को विमान से देश लाने की योजना बनाई थी, लेकिन दोनों देशों के बीच औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर करने में देरी के कारण ऐसा नहीं हो सका।

## निक्की यादव हत्याकांड : पांच आरोपियों को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने निक्की यादव हत्याकांड में आरोपी साहिल गहलोत और चार सह-आरोपियों को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। साहिल गहलोत ने 10 फरवरी को कश्मीरी गेट पर 23 वर्षीय महिला निक्की यादव की गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उसने एक ढाबे के फ्रीज़ में शव को छुपाया था। गिरफ्तार पांच लोगों को पुलिस ने शुक्रवार की रात कोर्ट में पेश किया था।

बुधवार को कोर्ट ने गहलोत को पूछताछ के लिए पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

हाल ही में एक घटनाक्रम में गहलोत ने जांचकर्ताओं को बताया है कि दोनों ने 2020 में शादी की थी।

पुलिस ने गहलोत के पिता, उनके दो चचेरे भाइयों आशीष और नवीन (दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल) और दो दोस्तों अमर और लोकेश को यादव से छुटकारा पाने और दूसरी लडक़ी के साथ शादी करने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, मुख्य आरोपी गहलोत से पुलिस हिरासत के दौरान लंबी पूछताछ की गई और खुलासा किया कि यादव उसे किसी और से शादी करने के लिए मना कर रही थी क्योंकि वे पहले ही 2020 में अपनी शादी कर चुके थे।

अधिकारी ने कहा, वह उससे उसके परिवार द्वारा 10 फरवरी को तय की गई दूसरी लडक़ी से शादी न करने की गुहार लगा रही थी। हालांकि, साहिल ने अपने पिता, दो चचेरे भाई और दो दोस्तों के साथ साजिश रची और मृतक को अपने रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

अधिकारी ने कहा, साहिल ने योजना को अंजाम दिया और उसकी हत्या कर दी और उसी दिन अन्य सह-आरोपी व्यक्तियों को इसके बारे में सूचित किया और फिर वे सभी शादी समारोह में आगे बढ़े।

अधिकारी ने कहा, सभी पांच सह-आरोपियों से गहन पूछताछ की गई और उनकी भूमिका की पुष्टि करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी के अनुसार नौ फरवरी की रात मित्रांव गांव निवासी गहलोत महिला से मिलने उसके उत्तम नगर स्थित आवास पर गया जहां वह अपनी छोटी बहन के साथ रहती थी।

अधिकारी ने बताया, साहिल वहां दो-तीन घंटे रुका और बाद में दोनों निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन चले गए। लेकिन जब उन्हें गोवा का टिकट नहीं मिला, तो उन्होंने इसके बजाय हिमाचल प्रदेश जाने का फैसला किया और आईएसबीटी, कश्मीरी गेट पहुंचे।

जब दोनों आईएसबीटी पहुंचे तो उनके बीच कहासुनी हो गई। फिर उसने कार के अंदर अपने मोबाइल फोन डेटा केबल से निक्की का गला घोंट दिया, शायद 10 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे, उसके शरीर को छिपाने के लिए अपने ढाबे पर चला गया और फिर 10 फरवरी को उसने दूसरी लडक़ी से शादी कर ली।

## भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी, 25 अप्रैल से खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट



**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड के प्रमुख तीर्थ स्थल केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक केदारनाथ मंदिर के कपाट 25 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 20 मिनट में खुलेंगे। ऊखीमठ के ओम्कारेश्वर मंदिर से बाबा धाम के कपाट खुलने की घोषणा की गई है। 21 अप्रैल को बाबा की उत्सव डोली ऊखीमठ से केदारनाथ रवाना होगी।

22 अप्रैल को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में रात्रि प्रवास में करेगी। वहीं 23 अप्रैल को फाटा में बाबा की उत्सव डोली रात्रि प्रवास करेगी, जबकि 24 अप्रैल को गौरीकुंड में रात्रि प्रवास होगा। हर साल महाशिवरात्रि के पर्व पर केदारनाथ के कपाट खुलने की तिथि का ऐलान किया जाता है। हर साल देश के करोड़ो श्रद्धालु केदारनाथ धाम के कपाट खुलने का इंतजार करते हैं। ऐसे में ये खबर तमाम श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है।

सर्दियों में हर साल भारी बर्फबारी और भीषण ठंड की चपेट में रहने के कारण केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सभी चारों धामों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाते हैं जो अगले साल दोबारा अप्रैल-मई में खोले जाते हैं।

## कोयला घोटाले की आय को छिपाने के लिए रियल एस्टेट ने अपनाए कई रास्ते : ईडी

**कोलकाता (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), जिसने 8 फरवरी को एक व्यवसायी के कार्यालय से 1.40 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद करके पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के मवेशी तस्करी घोटाले में चल रही जांच को नए सिरे से आगे बढ़ाया है, ने इस मामले में कई रियल एस्टेट विकास एजेंसियों, फिल्म प्रोडक्शन हाउस और एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) को जांच के दायरे में लाया है। जांच सूत्रों के मुताबिक, कोयला तस्करी घोटाले की जांच कर रहे अधिकारियों ने शहर के दो व्यवसायियों के खातों की जांच की है। इसमें उनके कई व्यापारिक लेनदेन सामने आए हैं।

हालांकि ईडी इन जुड़ी हुई रियल एस्टेट और फिल्म निर्माण इकाइयों के साथ-साथ एनजीओ के नामों का खुलासा नहीं कर रहा है, लेकिन केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने एक के बाद एक उनके सहयोगियों को बुलाने और उनसे पूछताछ करने का फैसला किया है। हाल ही में रिलीज हुई एक बांग्ला फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी भी ईडी के जांच के घेरे में है।

कोलकाता के जिन दो कारोबारियों से ईडी ने पूछताछ की, उनमें से एक गजराज ग्रुप के मालिक बिक्रम सिकारिया हैं, जिनके दक्षिण कोलकाता के अर्ल स्ट्रीट स्थित कार्यालय से केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने 8 फरवरी को 1.40 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद की थी। अगले ही दिन, केंद्रीय एजेंसी ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर दावा किया था कि जब्त की गई नकदी बेहिसाब थी और सालासर गेस्ट हाउस नामक संपत्ति के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये के नकद भुगतान का हिस्सा एक कम कीमत पर देखा गया। ईडी ने मनजीत सिंह ग्रेवाल उर्फ जित्ती भाई नाम के एक अन्य व्यवसायी से भी पूछताछ की, जिसने सालासर हाउस की उस संपत्ति को कम कीमत पर खरीदा था।

## मनरेगा के लिए धन आवंटन कम नहीं हुआ है : सीतारमण



**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए धन आवंटन कम नहीं हुआ है। यह एक मांग संचालित योजना है और जब मांग बढ़ती है, तो केंद्र धन प्रदान करता है। बजट के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, बजट आवंटन एक बात है.. और यह योजना अपने आप में एक मांग आधारित योजना है, जब भी मांग बढ़ती है, हम इसके लिए धन उपलब्ध कराते हैं। यह 2014 के बाद से पिछले वर्षों में किया गया है।

उन्होंने कहा, यदि आप पिछले वर्षों में देखें, तो हमने मनरेगा के लिए पूरक बजट में कुछ पैसे जोड़े हैं। यहां तक कि कोविड महामारी के दौरान भी योजना के लिए आवंटन 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था। विशेष रूप से, 2022-2023 के बजट अनुमान (बीई) में 73,000 करोड़ रुपये के आवंटन के मुकाबले, वर्तमान आवंटन को घटाकर 60,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

गेहूं और चावल की खरीद के लिए फंडिंग पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने इसे बिल्कुल भी कम नहीं किया है। सीतारमण ने कहा कि किसानों को दी गई कुल राशि बहुत अधिक है क्योंकि न्यूनतम बिक्री मूल्य बढ़ गया है। उन्होंने कहा, खरीद पर खर्च की गई कुल राशि अब तक के उच्चतम स्तर पर है। आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि इन आंकड़ों में कोई कमी नहीं आ रही है। मंत्री ने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत योजना के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

वित्त मंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा और संक्रमण के लिए बजट में किए गए 35,000 करोड़ रुपये के आवंटन को स्पष्ट करते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और संक्रमण के लिए आवंटित धन कोई सब्सिडी नहीं है। यह जीवाश्म ईंधन से हरित ऊर्जा में संक्रमण के लिए है। उन्होंने कहा कि फंड सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी रिफाइनरियों को उनके उत्सर्जन को कम करने के लिए अपग्रेड करने और यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि हमारे रणनीतिक भंडार पर्याप्त रूप से भरे हुए हैं।

अडानी समूह की कंपनियों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निवेश के बारे में पूछे जाने पर, सीतारमण ने कहा: एसबीआई पहले ही अपने जोखिम पर एक बयान दे चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) केंद्र को प्रत्येक मामले की रिपोर्ट नहीं करता है। मामले की आज अदालत में सुनवाई हो रही है, इसलिए शायद मेरे लिए टिप्पणी करना सही नहीं होगा।

इस बीच, वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए इस बजट में सांकेतिक राशि का प्रावधान किया गया है क्योंकि यह योजना अपनी पूर्णता पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडेय ने कहा कि केंद्रीय पीएसयू नाल्को को विनिवेश के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है।